तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 23 मार्च 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 भक्तिमय हुआ सर्वमंगला नगर



## खबर संक्षेप

### पुल के गड्ढों में नहीं हुआ डामरीकरण, बढ़ी परेशानी

**कोरबा।** कुसमुंडा मुख्य सड़क से शहर की ओर सर्वमंगला पुल पारकर आवाजाही होती है। नवरात्रि पर्व के मद्देनजर आवाजाही में राहत देने सर्वमंगला पुल के गड्ढों को बजरी व गिट्टी से पाटने के बाद डामरीकरण नहीं कराया गया है। भारी वाहन निकलते ही धूल का गुबार उठने से राहगीरों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। हसदेव नदी के निकट सर्वमंगला मंदिर शहरवासियों की आस्था का प्रमुख केन्द्र है। नवरात्रि पर भक्तों की भीड़ जुटती है। शहर समेत उपनगरों से देवी मां के भक्त दरबार में हाजिरी लगाते हैं।

### कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्षों का चुनाव संपन्न

**कोरबा।** सर्व यादव समाज के शहर व ग्रामीण महिला युवा और कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्षों का निर्वाचन संपन्न हो गया। शहर और महिला प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी भी घोषित कर दी गई है शेष प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी शीघ्र ही घोषित की जाएगी। जानकारी के अनुसार सर्व यादव समाज कोरबा की आम सभा में निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण की गई। निर्वाचन अधिकारी प्रांत संरक्षक कमलेश यादव की उपस्थिति में चंद्रमणि यादव शहर जिला अध्यक्ष, सत्यनारायण यादव ग्रामीण जिला अध्यक्ष, गीता यादव महिला प्रकोष्ठ, रंजू यादव युवा प्रकोष्ठ और नीलांबर यादव कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष निर्वाचित किए गए। शहर जिला अध्यक्ष चंद्रमणि यादव ने अपनी कार्यकारिणी भी घोषित कर दी। नत्थू लाल यादव संरक्षक बनाए गए हैं वहीं केदार यादव, हीरालाल यादव, राम रतन यादव, पुरुषोत्तम यादव, नवरत्न यादव, गुरुजी और मगलू राम यादव को सलाहकार बनाया गया है।

### विस्तार संयंत्र के निर्माण के बाद सालाना 65 लाख टन कोयले की होगी जरुरत

# एचटीपीपी विस्तार संयंत्र में कोयला आपूर्ति के लिए कुसमुंडा खदान पर बढ़ेगी निर्भरता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के कोरबा-पश्चिम स्थित एचटीपीपी के दूसरे चरण के तहत 1320 मेगावाट क्षमता के नए सुपुर क्रिटिकल विद्युत संयंत्र का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। संयंत्र में भविष्य की कोयला आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एसईसीएल प्रबंधन कुसमुंडा खदान के विस्तार की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। निर्माणाधीन विद्युत संयंत्र की दो नई इकाइयों के अस्तित्व में आने के बाद संयंत्र को सालाना लगभग 65 लाख टन कोयले की आवश्यकता होगी। यह कोयला कोल लिंकेज नीति के तहत कुसमुंडा कोयला खदान से ही आपूर्ति किया जाएगा।

**खास बात**

- कोयला लिंकेज नीति के तहत कुसमुंडा खदान से होगी कोयले की आपूर्ति

यही वजह है कि एसईसीएल कुसमुंडा खदान पर कोरबा पश्चिम संयंत्र की निर्भता और अधिक बढ़ने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में कोरबा-पश्चिम में स्थापित और संचालित एचटीपीपी में 210 मेगावाट क्षमता की चार इकाइयाँ तथा पहले चरण के विस्तार की 500 मेगावाट की एक इकाई संचालित है। इस तरह संयंत्र की कुल उत्पादन क्षमता 1340 मेगावाट है। इन सभी इकाइयों को कुसमुंडा खदान से कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से कोयले की आपूर्ति की जाती है। खदान से पावर प्लांट तक कुल तीन कन्वेयर बेल्ट लाइनें बिछाई गई हैं। इनमें से दो लाइनें 210 मेगावाट की चार इकाइयों के लिए तथा एक लाइन 500 मेगावाट की इकाई के लिए है। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 24 हजार टन कोयले की आपूर्ति एचटीपीपी संयंत्र को की जा रही है। कोल लिंकेज गाइडलाइन के अनुसार दूसरे चरण के विस्तार संयंत्र को भी कुसमुंडा खदान से ही कोयला उपलब्ध कराया जाएगा। कोयले की बढ़ती मांग को देखते हुए एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन खदान विस्तार कर उत्पादन बढ़ाने की तैयारी में जुटा है। इसके तहत अधिग्रहित ग्राम खोडरी और पाली के प्रभावितों को रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें चिन्हित नए बसाहट स्थल पर पुनर्वासित करने का काम जारी है। कुसमुंडा फोरलेन सड़क के किनारे चयनित स्थल पर सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित करने का कार्य किया जा रहा है जिससे विस्थापन के बाद नए फेस में खनन कार्य आगे बढ़ाया जा सके।



फाइल फोटो

**136 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण**

कुसमुंडा खदान विस्तार के तहत अधिग्रहित ग्राम रिस्दी के प्रभावितों को रोजगार देने की प्रक्रिया जारी है। खदान विस्तार के लिए 136.339 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है। कोल इंडिया की आरएंडआर पॉलिसी 2012 के तहत 168 भू-विस्थापितों को एसईसीएल में नौकरी दी जाएगी। रोजगार कटऑफ सूची के आधार पर दिया जाएगा। पहले प्रत्येक खातेदार को नौकरी मिलती थी, लेकिन नई नीति के तहत छोटे खातेदार इस सुविधा से वंचित हो रहे हैं।

**रेल मार्ग से कोयला आपूर्ति की योजना**

एचटीपीपी के नए विस्तार संयंत्र की कोयला जरूरतें कन्वेयर बेल्ट से पूरी नहीं हो सकेंगी। ऐसे में रेल मार्ग से कोयला आपूर्ति की योजना तैयार की गई है। संयंत्र से सुराकछार खदान की साइडिंग तक पूर्व से बिछी रेल लाइन का उपयोग किया जाएगा। रेल लाइन के मरम्मतीकरण, परीक्षण और संयंत्र के समीप एमजीआर प्रणाली स्थापित होने के बाद मालगाड़ियों से कोयला परिवहन शुरू किया जाएगा। इसके लिए रेलवे राइट्स के तहत सर्वे भी कराया जा चुका है।

# जिले में नहीं बढ़ रही किसान उत्पादक संगठन की संख्या अब तक 10 ही बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सब्जी की खेती करने वाले और धान की फसल बेचने वाले किसानों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। वहीं दूसरी ओर किसान उत्पादक संगठन की संख्या 10 से अधिक नहीं पहुंच सकी है। किसान उत्पादक संगठन गठित करने का उद्देश्य किसानों के द्वारा उत्पादित फसल को बेचने के लिए मार्केट तैयार करना सहित ट्रांसपोर्टिंग के कार्य शामिल थे।

**खास बातें**

- किसान सम्मान निधि लेने वाले किसानों की संख्या 75 हजार पहुंची
- 50 हजार से अधिक किसान बेचते हैं धान

जिले में किसान उत्पादक संगठन गठित करने का कार्य कृषि विभाग एवं स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा किया जाता है। इसका उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों को बिचौलियों से दूरकर उन्हें संगठित करके उनके द्वारा तैयार की गई फसल को मार्केट में बेचकर उनकी आय बढ़ाना है। इस उद्देश्य से किसानों को कम लागत में फसल तैयार होती है और उनको मार्केट भी मिलता है। इसके अलावा किसान उत्पादक संगठन में किसानों को कम दर पर बीज, खाद, मशीन एवं लोन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। जिले के ग्रामीण अंचलों में पिछले कुछ वर्षों से सब्जी की पैदावार बढ़ी है। कृषि विभाग की सौर सुजला योजना से अधिकांश किसानों के खेतों में बोर खनन करवाकर सब्जी की खेती कर रहे हैं। जिसका उन्हें फायदा मिल रहा है। उनके इस व्यवसाय को बढ़ाने के लिए डीएमएफ से कोल्ड स्टोरेज तैयार करने की योजना बनी थी जो मूर्तरुप नहीं ले सकी। किसानों की सुविधा के लिए प्रत्येक ब्लॉक में एक-एक किसान उत्पादक संगठन तैयार किए गए हैं। जिसका लाभ किसानों को नहीं मिल पाता।



**किसानों को इसका मिलेगा फायदा**

जितनी अधिक संख्या में किसान उत्पादक संगठन तैयार होंगे उससे किसानों को खेती में लगने वाली लागत में कमी आएगी। सामूहिक रुप से कृषि उपकरण, खाद, बीज खरीदने में कम लागत आएगी। इसके अलावा किसान उत्पादक संगठन के माध्यम से किसान अपने उत्पाद को मार्केट में बेहतर दाम पर बेच सकेंगे। इससे किसान सीधे बाजार के संपर्क में आ जाएंगे। वहीं बिचौलिये खत्म होंगे और किसान सीधे बड़े रिटेल व्यापारियों से जुड़ जाएंगे।

**सामूहिक प्रयास की देखी जा रही कमी**

किसान उत्पादक संगठन भले ही ग्रामीण अंचलों में तैयार कर दिए गए हैं किंतु उनके सामूहिक प्रयास में कमी देखी जा रही है। कुछ किसान उत्पादक संगठन केवल कागजों में तैयार हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए किसान उत्पादक संगठन से किसान शासन की मंशानुरुप नहीं जुड़ सके हैं। इसमें कहीं ना कहीं विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के प्रयास की भी कमी देखी गई है। इन केंद्रों में संसाधनों का अभाव नजर आता है।



## खबर संक्षेप

### चाकू लेकर घूम रहा ग्रामीण गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हिर्री पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार रखकर मेड़पार खार की ओर जा रहा है। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर छोटा मेड़पार निवासी पोखराजपुरी गोस्वामी पिता उमेंद्र पुरी गोस्वामी 53 साल को पकड़ लिया। उसके पास से चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### मारपीट का बदला लेने युवक पर हमला

**बिलासपुर।** पूर्व में हुई मारपीट का बदला लेने के लिए एक युवक की आंख के ऊपर सूजा से हमला कर दिया गया। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, जूना बिलासपुर कतियापारा निवासी मानस गढ़ेवाल पिता भागवत गढ़ेवाल का पूर्व में कौआ राजू से मारपीट हुई थी। 21 मार्च को रात 12 बजे वे मधुबन दयालबंद शराब दुकान के सामने गए थे। इसी दौरान कौआ राजू आया और मेरे से मारपीट किए थे कहते हुए गाली गलौज कर सूजा से मानस गढ़ेवाल की आंख के ऊपर हमला कर दिया। किसी तरह से वह उसके चंगूल से छूटकर भागा। पुलिस ने श्री गढ़ेवाल की रिपोर्ट पर हमलावर कौआ राजू के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अनाचार की कोशिश पैसा लेकर भागा युवक

**बिलासपुर।** घूमने ले जाने के बहाने ने एक युवती के साथ युवक ने अनाचार करने की कोशिश की। विरोध करने पर युवक युवती की मोबाइल व पैसा लेकर भाग गया है। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, होली के दिन क्षेत्र की रहने वाली युवती को मझला रजक घुमाने के बहाने सुनसान जगह में ले जाकर अनाचार करने की कोशिश करने लगा। युवती ने विरोध किया तो युवक उनका मोबाइल व पैसा लेकर भाग गया। 22 मार्च को उन्होंने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### ढाबे में मिली बाइक चोरी की निकली

**बिलासपुर।** ढाबे में बिना नम्बर की मिली बाइक चोरी की निकली है। उक्त बाइक कोतवाली क्षेत्र से चोरी हुई थी। कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। चकरभाठा टीआई उमेश साहू ने बताया, पिछले दिनों बिना नम्बर की 7 बाइक जब्त की गई थी। एक बिना नम्बर की बाइक को होईकोर्ट रोड स्थित गुरूनानक ढाबे से जब्त किया गया था। उस दौरान ढाबा संचालक ने टीआई श्री साहू पर थाने में उनके साथ दुर्व्यवहार कर मारपीट करने का आरोप लगाया था। सोशल मीडिया उनका वीडियो जोरों से वायरल हो रहा था। पुलिस जब्त बाइक के संबंध में पतासाजी कर रही थी। पतासाजी के दौरान ढाबा से मिली बिना नम्बर की बाइक चोरी की निकली है। सितम्बर 2025 में उक्त बाइक कोतवाली थाना से चोरी हुई थी। कोतवाली थाने में बाइक चोरी की एफआईआर दर्ज है। कोतवाली पुलिस ने ढाबा संचालक को उक्त बाइक के दस्तावेज के साथ थाने में उपस्थित होने नोटिस जारी किया है।

दिखाया और सिखाया कि पढ़ाई व शिक्षा ग्रहण करने की कोई उम्र नहीं होती

घरेलू महिलाएं के साथ 50 से 60 वर्ष के प्रौढ़ और बुजुर्ग परीक्षा देने पहुंचे

# घूंघट की आड़ में महिलाओं ने दी परीक्षा, 60 साल की दादी और काका ने लिखा ककहरा

**बिलासपुर।** कहते हैं पढ़ाई व शिक्षा ग्रहण करने की कोई उम्र नहीं होती है। आप में लगन व जूनून है तो किसी भी उम्र में पढ़ाई कर सकते हैं। ऐसा ही जुनून वृद्ध महिलाओं व पुरुषों में रविवार को देखने को मिला। जिले की हजारों बुजुर्गों ने उम्र के अंतिम पड़ाव में भी परीक्षा दी और साक्षर भी हुए।



रविवार को जिले में राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान (उल्लास कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली बच्चों की बजाय घरेलू महिलाएं और 50 से 60 वर्ष के प्रौढ़ और बुजुर्ग परीक्षा देने पहुंचे थे। कई जगहों पर घूंघट की आड़ में महिलाओं ने पेपर लिखा तो, 60 साल के दादा और काका ने ककहरा लिखकर साक्षर होने का परिचय दिया। देवरानी जेठानी सहित ननंद और भाभी इस उल्लास राज्य व्यापी महापरीक्षाभियान आकलन परीक्षा में शामिल हुए। भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत जिले में इस बार 40 हजार लोगों ने पढ़ लिखकर साक्षर होने का अधिकार प्राप्त कर लिया है। खास बात यह है कि आदिवासी अंचल में भी पढ़ने-लिखने की इच्छा रखने वालों की संख्या बढ़ी है। कार्यक्रम अधिकारी जेके पाटले ने बताया कि रविवार की सुबह 10:00 से शाम 5:00 तक आयोजित हुई। रतनपुर क्षेत्र में माध्यमिक स्कूल में नव साक्षर परीक्षा को लेकर खासा उत्साह देखा गया। यहां परीक्षा देने पहुंचे 60 वर्षीय बुजूर्ग ने बताया कि उन्होंने पूरा प्रश्न पत्र हल कर दिया है। पहले घर के काम और मजदूरी की वजह से पढ़ाई लिखाई नहीं कर सके, लेकिन अब अपने बच्चों और पोते पोतियों को पढ़ते लिखते देख मन में साक्षर होने की इच्छा जागी।

### सेंट्रल जेल में कैदी ने कहा- नई जिंदगी मिली

चारों विकासखंडों सहित बेलतरा रोड, मस्तूरी और कोटा सहित केंद्रीय जेल बिलासपुर में कुल 961 परीक्षा केंद्रों पर 'उल्लास' योजना की साक्षरता आकलन परीक्षा आयोजित हुई। असाक्षरों को साक्षर बनाने के बाद यह आकलन परीक्षा में 40777 से अधिक प्रशिक्षार्थियों ने शत प्रतिशत उत्साह के साथ भाग लिया, जिसमे 10943 पुरुष और 29822 महिला शामिल हैं जो राज्य स्तर पर ऐतिहासिक उपलब्धि है। केंद्रीय जेल बिलासपुर में 100 पुरुष और 33 महिला बंदियों ने उल्लास परीक्षा साक्षरता आकलन परीक्षा दी। केंद्रीय जेल के एक प्रशिक्षार्थी ने कहा कि "साक्षरता ने नई जिंदगी दी।

### नव साक्षर अब पढ़ते हैं अखबार

परीक्षा देने आईं श्रीमती सरोजनी ने बताया कि पहले वह ना मोबाइल चला सकती थी और ना ही अखबार पढ़ सकतीं थे, लेकिन अब वह मोबाइल भी चला सकते हैं और चाय की दुकान पर अखबार भी पढ़ते हैं। अधिकारियों ने बताया कि केवल पुरुष ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं और गृहिणी भी साक्षर होने में रुचि ले रही हैं। परीक्षा दे रहीं सुशीला ने बताया कि वह अब अंगूठा नहीं लगाती हैं, हस्ताक्षर करती हैं. अक्षर ज्ञान होने से वह पढ़ना और लिखना दोनों सीख गई हैं।

### तीन पीढ़ियों ने एक साथ दी परीक्षा, खुश हुए

नोडल अधिकारी जेके पाटले ने बताया कि केन्द्रों में सास- बहू ,ननद -भौजाई के साथ ही तीन पीढ़ियों के असाक्षर शामिल हुए। इसके साथ ही बुजुर्ग पति- पत्नी, दूध मुहे बच्चे के साथ परीक्षा दिलाते हुए नव विवाहित दम्पति भी प्रश्नपत्र हल करते दिखाई दिए। तखतपुर क्षेत्र के शास प्राथमिक शाला देवरीकला में मां कौशल्या सूर्यवंशी (75 वर्ष) और बेटी पुष्पा सूर्यवंशी (36 वर्ष) दोनों ने एक साथ परीक्षा दी। इसी तरह परीक्षा केन्द्र मैंड्रापारा में गांव की श्रीमती पुन्नी बाई,श्रीमती सुरजौतिन, श्रीमती सरोजनी, श्रीमती मोंगरा बाई, श्रीमती ईश्वरी बाई श्रीमती रामप्यारी यादव जो पारिवारिक संबंधों से देवरानी, जेठानी, सहित ननंद भाभी हैं ने एक साथ परीक्षा दी।

रतनपुर से पाली के बीच अनेक स्थानों पर छोटी-बड़ी दर्जनों दरारें

# इतनी अच्छी सड़क पर ये दरार शोभा नहीं देती..



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एनएचएआई द्वारा रतनपुर से कटघोरा तक बनाई गई फोरलेन सड़क पर दिखाई पड़ने वाली दरार मखमल में टाट के पैबंद वाली कहावत को चरितार्थ कर रही है। पाली से कटघोरा के बीच सड़क चकाचक है, लेकिन मदनपुर से रतनपुर व लगभग पाली तक सड़क पर दर्जनों दरार नजर आ रही हैं। कहीं-कहीं इसमें सुधार किया गया है, लेकिन दरारों की संख्या देखकर लगता है कि शायद इस सड़क को बनाने वाली कंपनी भी दरार भर-भरकर अब थक चुकी है।

बिलासपुर से कोरबा जाना हो, तो रतनपुर-पाली-कटघोरा होकर जाना अच्छा विकल्प है। समय का पता ही नहीं चलता, लेकिन यह स्थिति कब तक रह सकेगी इसकी कोई गारंटी नहीं है। सड़क पर दरारें दिखने लगीं हैं। विशेषकर मदनपुर के बाद लगभग पाली तक। अनेक स्थानों पर लंबी-लंबी दरार। कहीं पतली तो कहीं मोटी दरारें। पाली से कटघोरा के बीच सड़क बहुत अच्छी है, लेकिन मदनपुर से आगे लगभग पाली तक सड़क पर दर्जनों दरार हैं। अनेक स्थानों पर दरारों को भरने के प्रयास किए गए हैं, जो साफ दिख रहे हैं, लेकिन अनेक स्थानों पर सड़क ने फिर से अपना मुंह खोल लिया है, जिसे तत्काल भरने की जरूरत है।

- पाली से कटघोरा तक सड़क चकाचक

आज अगर दरारों को तत्काल नहीं सुधारा गया, तो जल्द ही इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। बहुत जल्द अप्रैल-मई महीने में तापमान के 45 डिग्री पहुंचते ही इन दरारों की साईज कई गुना तक बढ़ जाएगी। एनएचएआई का दावा है कि सड़क बहुत अच्छी कंडीशन में है, और कहीं कोई डैमेज नहीं है। इसके अलावा अगर कहीं कोई दिक्कत है भी तो यह सड़क अभी पंद्रह वर्षों की वारंटी में है, जिससे ठेकेदार से तत्काल सुधार करवा लिया जाएगा। विभाग ने कई स्थानों पर लगातार सुधार कार्य करवाने की बात भी कही।

### डिवाईडर पर 70 प्रतिशत प्लांटेशन ऐसे कि बढ़ ही नहीं पाए पौधे

इस सड़क के बीचोबीच बनाए गए चौड़े रोड डिवाईडर पर प्लांटेशन किया गया है। अलग-अलग हिस्सों को मिलाकर लगभग तीस प्रतिशत प्लांटेशन बड़े हो चुके हैं, जिनमें फूल भी खिले हैं। इसके विपरीत 70 प्रतिशत हिस्सा आधे से एक फीट हाईट से बड़ा ही नहीं हो सका है। यहां कहीं भी पौधों को सुरक्षित रखने ट्री-गार्ड नहीं लगाए गए हैं। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों का कहना है कि पौधों के लिए ट्री-गार्ड लगाने का कोई प्रावधान नहीं है। ठेकेदार को इसके लिए किसी भी तरह की अतिरिक्त राशि का भुगतान नहीं किया गया है।



उखड़ रही सड़क।

### दो जगह टोल टैक्स पटा रहे राहगीर क्यों हो सड़क पर दरार

इस मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों को दो स्थानों पर टोल टैक्स पटाना पड़ रहा है। पहला मदनपुर मे, और दूसरा पाली के आसपास लिम्हा टोल प्लाजा में। मदनपुर में 25 तो लिम्हा में 55 रूपए का भुगतान प्रत्येक आने-जाने वालों के द्वारा किया जा रहा है। जब लोग ईमानदारी से टोल टैक्स पटाकर आवागमन कर रहे हैं, तो दरार वाली सड़कें उनके हिस्से में क्यों आनी चाहिए? सड़क पर पड़ी इन दरारों से चारपहिया वाहनों को तो फिलहाल कोई खतरा नहीं है, लेकिन दुपहिया वाहनचालकों का कभी न कभी दुर्घटनाग्रस्त होने का भय बना हुआ है।

### ठेकेदार की राशि रोकी गई

रतनपुर से पाली व कटघोरा के बीच सड़क अभी पंद्रह वर्षों की वारंटी में है। वैसे तो यह पूरी सड़क बहुत अच्छी स्थिति में है, लेकिन अगर कहीं कोई टूटफूट नजर आ भी रही है, तो इसमें तत्काल सुधार करवाया जा रहा है। प्लांटेशन को सुरक्षित रखने ट्री-गार्ड का इस मार्ग में कोई प्रावधान नहीं रखा गया है। ऐसे में ठेकेदार को कोई अतिरिक्त राशि का भुगतान भी नहीं किया गया है।

**-राजेश्वर सूर्यवंशी,** मैनेजर एनएचएआई

होली में एक झापड़ मारने का लिया बदला

# घर में घुसकर शिक्षिका के पति की हत्या



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व लोग। इनसेट में मृतक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

होली में घर की लकड़ी चुराने का आरोप लगाकर शिक्षिका के पति ने गांव युवक को एक झापड़ मार दिया था। उसी रंजिश लेकर युवक अपने घरवाले व अन्य के साथ मिलकर घर में घूसकर ईट पत्थर, तब्बल, कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमलाकर शिक्षिका के पति की जघन्य की हत्या कर दी। वहीं उनके साथी ने बीच बचाव किया तो जानलेवा हमला कर दिया गया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित तीन पुरूष व दो महिला को हिरासत में ले लिया है। अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। वारदात में महिलाएं भी शामिल है।

कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया, करगीखुर्द कोरीपारा निवासी मोहन पाण्डेय पिता स्व. जगदीश प्रसाद पाण्डेय 52 साल की पत्नी गनियारी भाड़म में शिक्षिका हैं। श्री पाण्डेय अपनी पत्नी व एक बच्चे के साथ भाड़म में रह रहे थे और समय मिलने पर अपने घर आकर खेती बाड़ी देखते थे। होली में उनके घर की लकड़ी चोरी कर होली में जला दी गई थी। श्री पाण्डेय ने चोरी की जानकारी मिलने पर गांव के राजाराम साहू पर घर से लकड़ी चोरी का आरोप लगाकर एक झापड़ मार दिया था। राजाराम साहू ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने मृतक के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया था। उसके बाद से राजाराम साहू व उसके घरवाले श्री पाण्डेय से रंजिश रख रहे थे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### मुख्य आरोपी सहित पांच हिरासत में

हत्या की वारदात से गांव में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने मुख्य आरोपी राजाराम साहू सहित तीन पुरूष व दो महिलाओं को हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ कर अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। हत्या की वारदात में महिलाएं भी शामिल हैं।

### ईंट पत्थर, तब्बल कुल्हाड़ी से मारा

रविवार की छुट्टी होने पर श्री पाण्डेय परिचित गनियारी निवासी शरद कौशिक के साथ अपने गांव करगीखुर्द के घर गए। इसी दौरान राजाराम साहू ने अपने घरवालों व परिचित के साथ उनके घर में घुसकर मारपीट करते हुए ईंट पत्थर से हमला कर दिया। जिससे वे खून से लथपथ होकर गिर गए। उसके बाद हमलावरों ने श्री पाण्डेय के घर में रखे तब्बल, कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला करना शुरू कर दिया। शरद कौशिक ने बीच बचाव किया तो उन पर भी जान लेवा हमला किया गया है। इधर ताबड़तोड़ हमले से श्री पाण्डेय की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### हत्या करने के बाद लाश सड़क पर छोड़ा

हत्या की वारदात में आरोपियों ने गंभीर धाराओं से बचने के लिए मृतक श्री पांडे की घर के अंदर हत्या करने के बाद उनके शव को घसीटते हुए घर से बाहर निकालकर सड़क में छोड़ दियाऔर भाग गए

## शापिंग काम्प्लेक्स निर्माण के दौरान नाली क्षतिग्रस्त



**बिलासपुर।** शापिंग काम्प्लेक्स के निर्माण के दौरान शनिवार को सीपत रोड आरके पेट्रोल पंप के पास निगम द्वारा बनाई गई नाली क्षतिग्रस्त हो गई। निगम इंजीनियर जुगल सिंह ने बताया कि अशोक नगर चौक निवासी भवन मालिक पुनाराम साहू द्वारा आरके पेट्रोल पंप के पास मेगा शाप बनाया जा रहा है। इसमें लगातार खुदाई की जा रही है। इससे पहले भी निगम द्वारा सावधानी से काम करने की चेतावनी दी गई थी लेकिन भवन मालिक की लापरवाही जारी रही। शनिवार को पास निगम द्वारा बनाई गई नाली क्षतिग्रस्त हो गई। यही नहीं नाली में चार फिट से अधिक मलबा भर गया। इसे निकालने में निगम कर्मियों को काफी समय लग गया। इसके साथ ही आसपास के घरों में पानी भरने की भी शिकायत मिली। इसे सुधारने में निगम को काफी समय लग गया। शिकायत पर निगम द्वारा पुनाराम साहू को नोटिस जारी करते हुए पेनाल्टी लगाई गई है।

### पान दुकान से 115 पैकेट सिगरेट, गुटखा चोरी करने वाले 7 नाबालिग पकड़े गए

**बिलासपुर।** पान दुकान से 115 पैकेट सिगरेट, गुटखा व नकद रकम चोरी करने वाले 7 नाबालिगों को पुलिस ने पकड़कर चोरी का सामान बरामद कर लिया है। तारबाहर टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, शनिवार की रात व्यापार विहार स्थित मनीष कुमार कुर्रे की पान दुकान का ताला तोड़कर 115 पैकेट सिगरेट, गुटखा व नकद रकम चोरी कर लिया गया था। रविवार की सुबस वे दुकान खोलने गए तो चोरी की जानकारी हुई। श्री कुर्रे ने चोरी की सूचना तारबाहर पुलिस को दी। शनिवार की रात पेट्रोलिंग के दौरान पुलिसकर्मियों ने रात 1 बजे क्षेत्र के नाबालिगों को व्यापार विहार में घूमते देखा था। पुलिस ने 7 नाबालिगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने पान दुकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया है। उनके पास से 115 पैकेट सिगरेट, गुटखा, 300 रुपए नकद रकम बरामद की गई है।

## शराबी पति ने पत्नी पर किया सब्बल से हमल, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** गाली देने से मना करने पर शराबी पति ने महिला के साथ जमकर मारपीट की। आरोपी ने महिला पर सब्बल से वार किया। घटना में गंभीर रूप से घायल महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के ग्राम पर्री पुलिस लाइन गेट के समीप रहने वाली महिला शान्ति राजवाड़े 12 मार्च की दोपहर 3 बजे घर में थी। इसी दौरान महिला का पति मंगल साय राजवाड़े शराब के नशे में धुत होकर घर लौटा और घरेलू बात को लेकर पत्नी के साथ गाली गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दे रहा था। जब महिला ने गाली देने से मना करने के साथ ही विरोध किया तो आरोपी ने घर में रखे सब्बल से महिला के सिर पर वार कर दिया। इस हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को पुत्र सुरेंद्र प्रताप और आस पास के लोगों ने सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया था। उपचार के बाद महिला ने

### आईटीआई में स्टार्टअप व उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम

**बिलासपुर।** शासकीय आईटीआई कोनी में एक दिवसीय "स्टार्टअप एवं उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उद्योग केन्द्र के प्रबंधक सुनील कुमार पाण्डेय ने किया। जिन्होंने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कार्यालय द्वारा उद्यमियों को उद्योग स्थापना के प्रत्येक चरण में उपलब्ध सहायता एवं अनुदान संबंधी जानकारी भी दी गई।

# जन संघर्ष समिति ने नेताओं से साधा संपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ज्यादा से ज्यादा शहरों तक बिलासपुर से हवाई सुविधा बढ़ाने के लिए हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति प्रयास कर रही है। इसके तहत जनप्रतिनिधियों से संपर्क साधा जा रहा है।

- उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू व विधायक अमर अग्रवाल से की मुलाकात

समिति ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विधायक अमर अग्रवाल से चर्चा की है, साथ ही केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को पूरी परिस्थितियों से अवगत कराया गया है। गौरतलब है कि अलांइस एयर के द्वारा 28 मार्च से 27 अक्टूबर के बीच उड़ानों के संचालन समर शेड्यूल करता है लेकिन अब भी तक शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। समय पर शेड्यूल नहीं मिलने पर बिलासपुर फ्लाइट का परिचालन बंद होने की आशंका है। हवाई सुविधा जल संघर्ष समिति ने कहा कि पिछले 4 साल से लगातार बिलासपुर से लगभग डेढ़ लाख यात्री अलाइंस एयर की फ्लाइट से यात्रा कर चुके हैं।



बिलासपुर में उच्च न्यायालय, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का मुख्यालय, एसईसीएल मुख्यालय और सहित रतनपुर जैसे देवी शक्ति पीठ तक मौजूद है, जहां पर्याप्त सवारी उड़ानों मिलनी चाहिए। लेकिन इसके बावजूद अलाइंस एयर द्वारा पर्याप्त फ्लाइट उपलब्ध नहीं कराई जाती है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि केवल दिल्ली और प्रयागराज के साथ ही हैदराबाद के लिए उड़ान शुरू किया जाना जरूरी है।

समिति ने अलाइंस एयर उड़ानों को सुबह और देर शाम में परिचालन करने का सुझाव दिया है, जिससे बावजूद 72 सीटर विमान में सुविधा अनुसार फ्लाइट का परिचालन किया जा सके। दरअसल 40 डिग्री टेंपरेचर से ऊपर तापमान होने पर विमान में यात्रियों की संख्या घटाई जाती है, जिससे राज्य सरकार पर सब्सिडी का भार पड़ता है। सुबह 10 बजे के पहले और शाम 5 बजे के बाद रात 10बजे तक फ्लाइट आसानी से चलाई जा सकती है।

## तीन किलो गांजा के साथ पकड़ा गया ग्रामीण, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

घर में गांजा बिक्री कर रहे ग्रामीण को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने पकड़ा है। टीम ने आरोपी के पास से तीन किलो गांजा बरामद किया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम द्वारा लगातार संभाग में नशे के सौदागरों पर कार्रवाई कर धर पकड़ करने में जुटी है। इसी बीच संभागीय उड़न दस्ता टीम जब कोरिया जिले के बैकुंठपुर क्षेत्र में मदिरा दुकान जांच करने गई थी तभी मुखबिर से सूचना मिला कि जामपारा निवासी लक्ष्मण अपने घर से भारी मात्रा में गांजा रख कर बिक्री कर रहा है। सूचना पर संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम जामपारा निवासी लक्ष्मण के घर दबिश दी। लक्ष्मण के घर की तलाश में उसके शयनकक्ष से एक झोले में 2.883 किलोग्राम लगभग तीन किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद किया।



## खबर संक्षेप



### महिला कार्यकर्ताओं ने महिला शक्ति सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

**कोरबा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भारतीय जनता पार्टी महिला द्वारा महिला शक्ति के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी की अध्यक्षता एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमति प्रीती स्वर्णकार के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान महिला शक्ति के सम्मान में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिसमे मुख्य रूप से भाजपा बांकी मोंगरा महामंत्री श्रीमती अनिता सिंह राजपूत जी का प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा विभा अवस्थी ने उनके द्वारा देहदान करने पर उन्हें सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता व पदाधिकारी, समाज के विभिन्न वर्गों से आई महिला शक्तियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति विभा अवस्थी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, महापौर श्रीमति संजू देवी राजपूत, प्रियंका गिरी, विद्या पांडेय, संतोषी दीवान, अजय विश्वकर्मा, प्रफुल्ल तिवारी, अर्जुन गुप्ता, बीडी शर्मा, सत्य लता मिरी, स्वाति सिंह, अनसूईया राठौर तथा नीरज ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### संजीव बने भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक



**कोरबा।** प्रदेश भाजपा संगठन ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिले के पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की अनुशंसा पर प्रदेश के सभी जिलों में जिला संयोजक और सहसंयोजक के नामों की सूची जारी कर दी गई है। जिसमे जिले से संजीव शर्मा को जिला संयोजक का दायित्व सौंपा गया है।

### मड़वा में पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन स्पर्धा का आगाज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनीज की अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया के मुख्य आतिथ्य में हुआ। यह खेल प्रतियोगिता 21 से 24 मार्च तक आयोजित की जाएगी। अंतरक्षेत्रीय बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता की मेजबानी इस बार अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा कर रहा है। अंतरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता में पॉवर कंपनीज की 9 टीम ने उपस्थिति दर्ज कराई है। इनमें एचटीपीएस कोरबा पश्चिम, डीएसपीएम कोरबा पूर्व, एबीवीटीपीएस मड़वा, रायपुर रीजन, जगदलपुर रीजन, रायपुर सेंट्रल, बिलासपुर रीजन एवं अंबिकापुर रीजन की टीम शामिल हैं। पहले मैच में एबीवीटीपीएस मड़वा ने डीएसपीएम कोरबा पूर्व को हराया। दूसरे मैच में दुर्ग रीजन ने अंबिकापुर पर जीत दर्ज की। तीसरे मैच में रायपुर सेंट्रल ने बिलासपुर को हराया। चौथे मैच में रायपुर रीजन ने जगदलपुर पर जीत दर्ज की। छग. स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी द्वारा मड़वा विद्युत संयंत्र के जूनियर क्लब परिसर में दोहरा बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया गया है। पॉवर कंपनी में योनेक्स का यह पहला बैडमिंटन कोर्ट है। इसे बीते 25 से 27 फरवरी को तैयार किया गया है।

### पानी तथा शीतल पेय पदार्थ का जांच अभियान तेज

**कोरबा।** बीते कुछ समय से गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। आसमान में छाए बदली के कारण उमस का एहसास हो रहा है। भीषण गर्मी से लोगों को राहत दिलाने पानी व शीतल पेय पदार्थ की दुकानें सज गई है। कई ऐसे दुकान हैं, जहां अमानक स्तर के पानी व शीतल पेय बिक्री किए जाने की आशंका है। इस सीधा असर सेहत पर पड़ सकता है। जिसके मद्देनजर खाद्य व सुरक्षा विभाग के आयुक्त दीपक अग्रवाल ने विशेष जांच अभियान के निर्देश जारी किए हैं। उनके निर्देश पर खाद्य व सुरक्षा विभाग की टीम ने जांच पड़ताल तेज कर दी है। जहां अभियान के पहले दिन टीम ने दो पानी फैक्ट्री से सैंपल लिए थे, वहीं एक फैक्ट्री से जूस का सैंपल लेते हुए सील करन की कार्रवाई की थी। अभियान के दूसरे दिन विभाग की टीम ने दीपका स्थित मित्तल इंडस्ट्रीस में दबिश दी। यहां से स्मार्ट वाटर, पानी पाउच का सैंपल लिया गया। इसी तरह मुड़ापार स्थित फ्लैक्सों आइसक्रीम फैक्ट्री में दबिश देते हुए आइसक्रीम का नमूना लिया गया है। टीम ने सैंपल को जांच के लिए रायपुर स्थित फूड लैब भेज दिया है। इसके अलावा दोनों ही फर्मों को एफएसएसएआई के नियमों के तहत फर्म संचालन के निर्देश दिए हैं।

# पश्चिम की चीज अच्छी है, हमारी नहीं, बदलनी होगी यह सोचः पंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

भारत की स्वाधीनता के 75 साल बाद भी वैचारिक रूप से पराधीनता वाला स्वभाव हर किसी को परेशान करता है। पश्चिम की चीज अच्छी है और हमारी नहीं, यह सोच बदलने की जरूरत है। अंग्रेजीयत के चश्मे को उतारकर हमें अपनी दृष्टि से भारत को देखने की मानसिकता बनानी होगी।

उक्त बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत जनजातीय कार्य प्रमुख सतीश गोकुल पण्डा ने रविवार को राजीव गांधी ऑडिटोरियम में प्रमुखजन गोष्ठी के आयोजन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने यहां आने के साथ पाया था कि मजबूत संस्कृति और परिवार व्यवस्था लोगों को जोड़े हुए हैं। नालंदा विश्वविद्यालय की लाखों पुस्तकों को जलाने के बाद भी एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में ज्ञान का प्रवाह जारी रहा। गुरुकुल व्यवस्था ने भी इसमें विशेष योगदान दिया। अंग्रेजों ने भारत पर अतिक्रमण करने के साथ लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति के जरिए लोगों को मानसिक रूप से बदलने का काम किया। इसलिए अपने देश के गौरव को किनारे करते हुए हमारे यहां के लोग अभी भी पश्चिम के सम्मोहन का शिकार है। यह एक तरह की विकृति है जिससे उबरना ही होगा। जनगोष्ठी में भारत की चर्चा करते हुए सतीश गोकुल पण्डा ने जाने- माने अर्थशास्त्री एथेंस मेडिक्स की पुस्तक इकोनॉमिक्स के संदर्भ से कहा की अब से 1000 वर्ष पहले भारत इतना विकसित था कि वह अकेले विश्व की 64 फ़ीसदी जीडीपी में योगदान देता था। अर्थव्यवस्था के साथ-साथ शासन प्रशासन, कला संस्कृति और जीवन के तमाम क्षेत्रों में भारत का अपना विशिष्ट स्थान रहा है।

**आरएसएस की प्रमुखजन गोष्ठी में कई विषयों पर मंथन**

**खास बातें**

- राजीव गांधी ऑडिटोरियम में हुआ गोष्ठी का आयोजन
- एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक नहीं हुआ ज्ञान का प्रवाह



## पोड़ी ब्लॉक मुख्यालय का लेना पड़ता है सहारा

# बालक आश्रम की सुविधा से वंचित हैं पसान क्षेत्र के ग्रामीण छात्र


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में भले ही आश्रम छात्रावासों की संख्या 183 पहुंच गई है किंतु अभी भी कई ऐसे दूरस्थ क्षेत्र हैं जहां इनकी कमी देखी जा रही है। ऐसे ही दूरस्थ क्षेत्रों में जिला मुख्यालय से 90 किलोमीटर दूर पसान में आश्रम छात्रावास की सुविधा को लेकर दरकार बनी हुई है। जिससे छात्रों को किराये के मकान में रहने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत आने वाले पसान तहसील के अंतर्गत 20 से अधिक गांव आते हैं। जहां पिछले कुछ वर्षों से उच्च शिक्षा का विस्तार भी किया गया है। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल शुरु होने के बाद से आसपास के ग्रामीण अंचल के छात्रों को निःशुल्क अंग्रेजी शिक्षा की सुविधा तो मिल गई है जिससे छात्रों की संख्या में प्रतिवर्ष बढ़ोतरी हो रही है। प्रवेश लेने के बाद इन छात्रों की समस्या रहने की होती है। मजबूरी में अभिभावक अपने बच्चों के निवास की सुविधा के लिए किराये का आवास लेना पड़ता है। केवल एक आश्रम ही संचालित है। 50 सीटर वाले इस आश्रम में सभी को प्रवेश मिलना मुश्किल हो जाता है। अधिकांश छात्र हॉस्टल की सुविधा को लेकर पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक मुख्यालय के स्कूलों में प्रवेश लेते हैं। ब्लाक मुख्यालय होने के कारण यहां आश्रम छात्रावास की सुविधाएं मौजूद हैं। पसान क्षेत्र के निवासियों ने पसान में आश्रम छात्रावासों की संख्या बढ़ाने के साथ नए आश्रम छात्रावास संचालन के लिए प्रशासन को पत्र सौंप चुके हैं।

**छात्राओं की दर्ज संख्या कम**

क्षेत्र के निवासियों के मुताबिक पसान क्षेत्र में कन्या आश्रम व छात्रावास की अतिरिक्त सुविधाएं नहीं होने से पसान क्षेत्र से लगे ग्राम पंचायतों के स्कूलों में कक्षा 8वीं के बाद पढ़ाई के लिए अभिभावक या तो पोड़ी ब्लॉक मुख्यालय के स्कूलों में प्रवेश कराए या फिर मजबूरी में 8वीं के बाद छात्राएं आगे की पढ़ाई नही कर पाती। दूरस्थ वनांचल क्षेत्र होने के कारण स्कूल के शिक्षकों से लेकर अभिभावकों तक को अपनी समस्याओं के लिए जिला मुख्यालय आना पड़ता है। जनपद के प्रतिनिधियों ने पसान को ब्लॉक मुख्यालय बनाए जाने की भी मांग की है।

# ग्रामीणों ने की डीआरआरसी बैठक के विरोध की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार


बैठक में उपस्थित ग्रामीण।

ग्राम पंचायत हरदीबाजार में ग्रामवासियों की एक आवश्यक बैठक रविवार दोपहर 3 बजे पंचायत भवन में सरपंच की अगुवाई पर रखी गई थी। हरदीबाजार के नापी सर्वे 2025 के पार्ट तीसरा के संबंध में डीआरआरसी एसईसीएल दीपका प्रबंधन व जिला प्रशासन के द्वारा 27 मार्च को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक रखने संबंधी जानकारी सोशल मीडिया से होने के पश्चात, पंचायत भवन में एक आवश्यक बैठक रखा गया था, बैठक में चर्चा हुई की ग्राम पंचायत हरदीबाजार के 2004 एवं 2010 के अधिग्रहण का सर्वे नापी लगभग पूर्ण होने को है जबकि सर्वे नापी के बाद मकान मालिकों, भू-स्वामीयों को अभी तक मौजा राशि, नौकरी, बसाहट परिसंपत्तियो की सूची व एसईसीएल दीपका प्रबंधन द्वारा अभी तक मुआवजा पत्रक जारी नहीं किया गया है । ऐसे में तीसरा अधिग्रहण के संबंध में डीआरआरसी करना उचित नही है। ग्राम पंचायत में उपस्थित सरपंच लोकेश्वर कंवर एवं पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन,नरेश टंडन ,रमेश अहीर सहित ग्रामवासियों ने अपनी बातें रखी कि जब तक 2004 एवं 2010 की सर्वे नापी मकान का नौकरी बसाहट परिसंपत्तियो के मौजा राशि नहीं दिया जाएगा तब तक हम 2025 का डीआरआरसी बैठक में शामिल नहीं होंगे हम इसकी विरोध करेंगे पहले की नापी का मौज बसाहट,नौकरी दिया जाए तब 2025 अधिग्रहण का सर्वे नापी किया जाए। इस दौरान बैठक में विजय जायसवाल, नरेश टंडन, रामशरण कंवर,गोपाल यादव ,अरुण राठौर, राजेश जायसवाल, जगदीश अग्रवाल, रमेश अहीर,रामू जायसवाल ,ब्यास राठौर,दिनेश गुरुद्वान, प्रेम डिक्सेना, अशोक डिक्सेना, देव कुमार जायसवाल ,प्रदीप राठौर, वासु जायसवाल, लाला राठौर, उमेश राठौर, बजरंग पटेल, राजेन्द्र जगत, उमेश भारद्वाज, रामायण यादव, सुरेंद्र राठौर, गजेन्द्र ठाकुर, सीताराम ओढ़े, गजानंद यादव, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**खास बात**

- 27 मार्च को कलेक्ट्रेट में होगी बैठक

# इलेक्ट्रानिक रिपेयरिंग शॉप में लगी आग सीआईएसएफ ने आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शक्तिनगर स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में इलेक्ट्रॉनिक सामान की मरम्मत करने वाली एक दुकान में अचानक आग लग गई है। सूचना मिलने पर सीआईएसएफ की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। सीआईएसएफ के जवानों की सूझबूझ से जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया।

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल की शक्तिनगर कॉलोनी स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में संचालित एक इलेक्ट्रानिक रिपेयरिंग शॉप में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयावह रुप धारण कर लिया। आग लगने की वजह से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। आसपास के दुकानदारों को डर सताने लगा कि कहीं उनकी भी दुकान आग की जद में ना आ जाए। आगजनी की सूचना प्राप्त होते ही सुमन सिंह सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में इकाई कार्यालय में तैनात सीआईएसएफ के जवान तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुए। मौके पर पहुंचकर सीआईएसएफ के जवानों ने स्थिति का त्वरित आकलन किया तथा बिना समय गंवाए आग पर काबू पाने हेतु राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया। उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए सीआईएसएफ जवानों ने तत्काल बाल्टियों के जरिये पानी डालकर आग बुझाने का कार्य शुरू किया। साथ ही आसपास की दुकानों को खाली कराया गया तथा आग के फैलाव को रोकने के लिए आवश्यक सावधानियां बरती गईं। बल के सदस्यों ने अत्यंत साहस, सूझबूझ एवं तत्परता का परिचय देते हुए आग पर काबू पा लिया। आगजनी की इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। अन्यथा किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता था। घटना के बाद स्थानीय नागरिकों एवं दुकानदारों द्वारा सीआईएसएफ के इस साहसिक एवं सराहनीय कार्य की प्रशंसा की गई।


आग पर काबू करते सीआईएसएफ के जवान।

# कंवर समाज को 20 लाख की सौगात विधायक राठिया ने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी


कार्यक्रम में उपस्थित विधायक सहित कंवर समाज।

रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुमान के कंवर समाज की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए क्षेत्रीय विधायक फूल सिंह राठिया ने 20 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक शेड निर्माण की घोषणा कर दी है। यह सिर्फ एक घोषणा नहीं, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशीलता, विकास के प्रति प्रतिबद्धता और जनसेवा की भावना का जीवंत उदाहरण है।

ग्राम पंचायत तुमान में कंवर कल्याण विकास समिति (पंचगण) की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में बड़ी संख्या में समाज के लोग, पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित थे। सभी की एक ही मांग थी एक ऐसा सामुदायिक भवन, जहां समाज के लोग अपने सांस्कृतिक, सामाजिक और पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित कर सकें। वर्षों से चली आ रही इस मांग को जब विधायक फूल सिंह राठिया के सामने रखा गया, तो उन्होंने बिना देर किए इसे गंभीरता से लिया और मौके पर ही 20 लाख रुपये के शेड निर्माण की घोषणा कर दी, जिसे मड़वारानी में निर्माण किया जाएगा। यह शेड केवल एक भवन नहीं होगा, बल्कि कंवर समाज के लिए एक पहचान, एक एकजुटता का केंद्र और एक नई शुरुआत का प्रतीक बनेगा। यहां आने वाले समय में विवाह, सामाजिक कार्यक्रम, बैठकें और सांस्कृतिक आयोजन सहजता से आयोजित किए जा सकेंगे। जैसे ही इस घोषणा की जानकारी पूरे क्षेत्र में फैली, गांव-गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने इसे एक ऐतिहासिक निर्णय बताया और विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई वर्षों से इस मांग को उठाया था, लेकिन अब जाकर यह सपना साकार हुआ है। इस दौरान केंद्रीय अध्यक्ष भुवन सिंह कंवर्र, फूलसाय पैकरा, रामकुमार पैकरा, जागेश्वर सिंह पैकरा, जम्बुसिंह पैकरा, लखन सिंह कंवर, पवन सिंह कंवर, शिव सिंह कंवर, सतवंत सिंह कंवर, जगन्नाथ प्रसाद कंवर, अमरसिंह कंवर, कमल सिंह कंवर सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

**खास बात**

- एक फैसले से बदली तस्वीर, कंवर समाज में उत्साह का माहौल

# हरदीबाजार मंडल में कार्यकर्ता प्रशिक्षण सत्र का हुआ आयोजन


प्रशिक्षण में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत हरदीबाजार मंडल में कार्यकर्ताओं हेतु प्रशिक्षण सत्र का सफल आयोजन किया गया सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री संजय शर्मा के द्वारा ध्वजारोहण कर प्रशिक्षण सत्र का विधिवत प्रारंभ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हरदीबाजार मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने की। इसके पश्चात स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा संजय शर्मा का पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने अपने उद्बोधन में संजय शर्मा के संगठनात्मक अनुभव एवं उनके प्रेरणादायक जीवन परिचय का उल्लेख करते हुए उन्हें मंच से संबोधन हेतु आमंत्रित किया। संजय शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास, संगठनात्मक संस्कृति और विचारधारा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र सेवा का एक व्यापक अभियान है, जिसमें कार्यकर्ताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष चुलेश्वर राठौर, विधायक प्रतिनिधि नरेश टंडन, विधायक प्रतिनिधि एसईसीएल क्षेत्र दीपका ब्यास राठौर, मंडल महामंत्री नवरत्न सिंह राजपूत, बजरंग यादव,अमरनाथ कौशिक, दुर्गेश कश्यप , विनोद कंवर , अनीता जांगड़े , लता कंवर, चंदर सिंह,प्रभाकर कौशिक , रामेश्वर यादव,चैतराम बघेल सहित विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# होटल के बाहर से कार चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत किशोर कुमार ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 मार्च को रात्रि करीबन 11:20 बजे अपने ब्रेजा कार क्रमांक सीजी-07-सीजे-7836 से अपने दोस्त रूपेश ठाकुर के साथ टीपी नगर राजू होटल में खाना खाने गया था और अपनी कार को होटल के बाहर खड़ा कर दिया। जब किशोर कुमार खाना खाकर वापस अपने कार के पास आये तो उनका कार वहां नहीं थी। आसपास काफी खोजबीन किये कार का कुछ पता नहीं चला। कार के अन्दर रूपेश ठाकुर का एक मोबाईल फोन भी था। किशोर की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन में जुट गई है।

**कोरबा मार्केट**

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

NKH SUPER SPECIALITY HOSPITAL
INSPIRING BETTER HEALTH
Licence No.:KORB0019/HOS
NABH
रायपुर के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ
NKH कोरबा में...
परामर्श व सेवा के लिए उपलब्ध रहेंगे।
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ
CARDIOLOGIST
डॉ. सतीश सूर्यवंशी
MD. DM (Cardiology)
F.A.C.C., F.E.S.C., F.S.C.A.I
DIRECTOR & SR. CONSULTANT
INTERVENTIONAL CARDIOLOGIST
एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, इको इत्यादि व समस्त हृदय रोगों के इलाज व परामर्श
25 मार्च 2026 ( बुधवार )
दोपहर 12:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक
न्यू कोरबा हॉस्पिटल, कोसाबाड़ी, कोरबा (छ.ग.)
हृदय रोग के लक्षण -
- सांस लेने में तकलीफ
- महिलाओं में हृदय रोग की समस्या
- उच्च रक्तचाप, घबराहट
- सीने में दर्द एवं जकड़न होना
- हृदय की धमनियों में रुकावट
यदि आप उपरोक्त लक्षणों में से किसी एक से पीड़ित हैं तो आपको जांच की आवश्यकता है।
रजिस्ट्रेशन हेतु सम्पर्क करें -
KORBA + 91 860-2599-122, +91 860-2599-133

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## क्राइम की खबरें



### कालीबाड़ी एसईसीएल में बसंती पूजा एवं मेले का आयोजन

**कोरबा।** कालीबाड़ी एसईसीएल में कालीबाड़ी समिति के द्वारा चैत्र नवरात्र पर बसंती पूजा एवं मेले का आयोजन किया जाता आ रहा हैं। समिति के अध्यक्ष समीर लोध एवं सचिव सुभाशीष भौमिक ने बताया कि पूजा एवं मेले का यह वर्ष 25वां वर्ष हैं। समिति के द्वारा प्रत्येक दिन भक्तों को संध्या आरती के बाद भोग प्रसाद का वितरण किया जाता है और नवरात्रि के दिन दोपहर को वृहद भंडारे का आयोजन भक्तों के सहयोग से किया जाता हैं। पूजा एवं मेला आज वृहद आकार ग्रहण कर लिया है दूर दूर से लोग मेले का आनंद लेने आ रहे हैं। समिति के अध्यक्ष ने सभी कोरबावासियों से अनुरोध किया हैं कि वे माता रानी का आशीर्वाद लेने कोरबा काली बाड़ी में अवश्य आवे।

### पुलिस ने उतरदा और मुड़ापार में चलाया जनजागरूकता अभियान



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार थाना पुलिस के द्वारा ग्राम पंचायत उतरदा एवं ग्राम पंचायत मुड़ापार में जन जागरूकता अभियान के तहत साइबर क्राइम, कच्ची महुआ शराब बिक्री, ऑनलाइन ठगी जैसे अन्य कानूनी जानकारी ग्रामीणों को दी गई। इस दौरान थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डनसेना,एएसआई विजय सिंह, एएसआई कृपा शंकर दुबे,प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश वैश्य,आरक्षक प्रफुल्ल साहू, उतरदा सरपंच प्रतिनिधि सुंदर सिंह मरावी, मुड़ापार सरपंच श्रीमती सिल्की कुंवर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### नाग सांप का सुरक्षित रेस्क्यू कर छोड़ा गया जंगल में



**कोरबा।** बलगी क्षेत्र में आधी रात लगभग 10.30 बजे घर के बाहर भोजन के पश्चात टहल रहे लोग उस वक्त हक्के बक्के रह गए जब एक 5 फीट का जहरीला नाग रेंगता हुआ दिखाई दिया, जिसको भगाने का प्रयास भी किया गया पर वो तो फन फैला कर एक बंद पड़े नाली में जाकर बैठ गया। जिसके बाद वाइल्डलाइफ रेस्क्यु टीम (नोवा नेचर) के जितेंद्र सारथी को इसकी सूचना दी गई। जितेंद्र सारथी ने सावधानीपूर्वक रेस्क्यु कर नाग को थैले में डालकर जंगल सुरक्षित छोड़ दिया गया।

### आदिवासी विकास परिषद ने डॉ. मुंडा को पुण्यतिथि पर किया याद

**कोरबा।** अंचल अंतर्गत आदिवासी विकास परिषद ने बुधवारी बाजार के आस्था स्थल शक्तिपीठ में आदिवासी जननायक डॉ. जयपाल सिंह मुंडा की पुण्यतिथि मनाई। क्रार्यक्रम अंतर्गत पदाधिकारियों ने डॉ. मुंडा के आदिवासियों के प्रति योगदान को याद किया। उक्त कार्यक्रम की शुरुआत चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देकर की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वीरसाय धनवार ने कहा कि "उन्होंने हमेशा आदिवासियों को मजबूत होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आर.एस. बरिहा, राम मूरत कंवर, गोवर्धन कंवर ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर विकास आर्मो, मनोज कंवर, सुलेंद्र नेटी, अनिल कंवर, रमन ओड़, हितेश, आकाश कोराम, हिम्मत सिंह मार्को, भानु श्याम, आशीष मरावी, प्रमोद मरकाम, प्रमोद कुमार, सुधीर नेटी, अनिल, आशीष कंवर, दिनेश मरावी, मोहन कुमार आदि सहित अन्य उपस्थित थे।

### बांकीमोंगरा मंडल में प्रशिक्षण महाअभियान संपन्न



**बांकीमोंगरा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण के तहत आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का बांकीमोंगरा मंडल में समापन हुआ। इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति और आगामी कार्ययोजनाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के समापन में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्य वक्ता ज्योतिनंद दुबे और विकास झा उपस्थित रहे। उनके साथ मंडल स्तर के विभिन्न पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ता भी शामिल हुए। कार्यकर्ताओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों के बारे में विस्तार से बताया गया। आगामी चुनावों और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की रणनीतियों पर चर्चा की गई।इसके अलावा जनहितकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। ज्योतिनंद दुबे ने कहा कि प्रशिक्षण ही कार्यकर्ता की असली शक्ति है, जिससे वह वैचारिक रूप से परिपक्व होता है।

# पोड़ी से बांगो के बीच 5 किलोमीटर बनेगा सीसी रोड, मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

बांगो बांध पहुंचने के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा जल्द ही पोड़ी से बांगो के बीच सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए जल संसाधन विभाग ने 10 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर शासन से भेजा है। शासन से जैसे ही इसकी स्वीकृति मिलती है जिसके बाद सड़क बनाने का काम शुरू हो जाएगा और बांगो बांध पहुंचने की दूरी भी काम हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि बांगो बांध जाने के लिए गुरसिया से बांगो पहुंचने में लगभग 15 से 16 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। जबकि पोड़ी से बांगो बांध जाने के लिए मार्च 5 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है लेकिन लंबे समय से पोड़ी से बांगो के बीच की सड़क अधर में लटकी हुई है जिसके चलते लोगों को गुरसिया के रास्ते ही बांगों की दूरी तय करनी पड़ती है। लंबे समय से थोड़ी और बांगो के बीच वर्षों से खराब पड़े सड़क बनाने की मांग उठ रही है इसे देखते हुए जल संसाधन विभाग ने पोड़ी से बांगो के बीच सीसी रोड और दोनों तरफ नाली निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। लगभग 10 करोड़ की लागत से 5 किलोमीटर सीसी रोड और नाली बनाया जाना है। इसके लिए जल संसाधन विभाग ने प्रोजेक्ट तैयार कर शासन को मंजूरी के लिए भेजा है। संभावना जताई जा रही है कि इस बजट में इसकी स्वीकृति मिल जाएगी। इसके बाद टेंडर की प्रक्रिया करने के उपरांत इस सड़क निर्माण का काम शुरू हो जाएगा और यह सड़क बन जाएगा तो निश्चित तौर पर बांगों की दूरी बहुत कम हो जाएगी। लोगों को और पर्यटकों को बांगो बांध जाने के लिए महज 5 किलोमीटर की दूरी ही तय करनी पड़ेगी क्योंकि कोरबा से जाने वाले लोग सीधे पोड़ी के रास्ते बांगो बांध जा सकेंगे और बांगो का नजारा देख सकेंगे।

### 10 करोड़ का तैयार किया गया प्रस्ताव

**खास बातें**

- सड़क बनते ही दूरी हो जाएगी कम
- सड़क के दोनों ओर बनेगी सीसी नाली



**बारिश के दिनों में होती खासी परेशानी**

बांगो बांध जाने के लिए लोग शॉर्टकट पोड़ी का रास्ता ही अपनाते हैं क्योंकि पोड़ी के रास्ते से बांगो बांध जाना बहुत ही आसान है और दूरी भी बहुत कम है लेकिन बारिश के दिनों में ही सबसे ज्यादा पर्यटक बांगो बांध देखने के लिए पहुंचते हैं और बारिश के दिनों में मार्ग पूरी तरह से लबालब हो जाता है और पानी में सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाता है। ऐसे में इस मार्ग से चार पहिया वाहन से जाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हो जाता है, जिसकी वजह से लोगों को गुरसिया के रास्ते सीधा बांगो बांध जाते हैं हालांकि इस बारिश भी यह सड़क बन पाना संभव नजर नहीं आ रहा है लोगों को इस साल भी गुरसिया के रास्ते ही बांगो बांध जाना पड़ेगा।

### सर्वमंगला मंदिर सहित मड़वारानी मंदिर में लग रही कतार

# पंचमी आज, मोक्ष और ममता की देवी स्कंदमाता की होगी पूजा



मंड़वारानी मां।



श्रद्धालुओं की लगी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चैत्र नवरात्र की पंचमी तिथि सोमवार को पड़ने की वजह से देवी मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ेगी। एक दिन पूर्व रविवार को चतुर्थ तिथि के अवसर पर माता कुष्मांडा रुप की पूजा की गई। सोमवार को पड़ने वाली पंचमी तिथि के अवसर पर मां स्कंदमाता की आराधना की जाएगी। नवरात्र पर्व पर पंचमी का अपना एक अलग ही महत्व है। जो रविवार रात 1.18 बजे से शुरु होकर सोमवार दोहपर 1.46 बजे तक रहेगी लेकिन उदिया तिथि होने के कारण इसका प्रभाव पूरे दिन माना जाएगा।

**खास बात**

- ग्रामीण अंचलों में भक्ति के दिख रहे कई रूप

चैत्र नवरात्र के अवसर पर शहर और ग्रामीण अंचलों के देवी मंदिरों में पहले दिन से ही मंदिरों में भीड़ लगने लगी थी। पिछले दिनों बारिश होने के कारण मौसम का तापमान कम होने से भी दर्शनार्थियों की भीड़ ज्यादा उमड़ी थी। मौसम के तापमान में कमी के कारण दर्शनार्थी अधिकतर सुबह के समय मंदिर पहुंचना शुरु होते हैं। दोपहर होते तक दर्शनार्थियों की कतारें लंबी हो जाती हैं। सोमवार को उदिया तिथि होने के कारण मुख्य रुप से पंचमी का पर्व पंचांगों के अनुसार 23 मार्च को ही मान्य है। अष्टमी के पूर्व सप्तमी और पंचमी पूजन का नवरात्र में अलग महत्व रहता है। जिसकी वजह से भक्त अधिक से अधिक संख्या में मंदिर पहुंचते हैं। विद्या की देवी स्कंदमाता का दिन होने के कारण अलग महत्व है। शहर के सर्वमंगला मंदिर से लेकर मड़वारानी के दरबार तक माता के दर्शन के लिए कतारें लगने लग गई हैं। मंदिरों में पेयजल की सुविधा के लिए भी मंदिर कमेटियों के द्वारा आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। नवरात्र का पर्व शुरु होते ही फलों के दामों ने भी उछाल ले लिया है। कुछ स्थानों में सेव 100 रुपए किलो तक बिक रहा है और केला के दाम भी 60 रुपए से ऊपर हो चुके हैं। वहीं नारियल की कीमत 30 से 35 रुपए के बीच पहुंच गई है।

### भक्तिमय हुआ सर्वमंगला नगर



सर्वमंगला नगर में मरार समाज द्वारा नवनिर्मित मां शाकंभरी मंदिर के भव्य उद्घाटन एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ हुआ। तीन दिनों तक चलने वाले इस पावन आयोजन के प्रथम दिन शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। समाज की महिलाओं और श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों के बीच पदयात्रा की। यह यात्रा सर्वमंगला मंदिर घाट पहुंची, जहां मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल भरा गया। इसके पश्चात पुनः यात्रा मंदिर पहुंची, जिससे पूरा क्षेत्र 'मां शाकंभरी' के जयकारों से गूंज उठा।

## केराकछार व जटगा क्षेत्र में 58 हाथियों की मौजूदगी से खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कटघोरा व कोरबा वन मंडल में हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों को खतरा हो सकता है, जहां कटघोरा के जटगा रेंज में 49 की संख्या में हाथी लंबे समय से पहाड़ पर विचरण कर रहे हैं। वहीं 9 हाथी कोरबा वनमंडल के पसरखेत रेंज के केराकछार क्षेत्र में विगत एक सप्ताह से डेरा डाले हुए हैं। हाथियों के इस दल में छोटे शावक होने के कारण हाथी ज्यादा दूरी तय नहीं कर रहे हैं और जहां उन्हें सुरक्षित ठिकाना दिखता है, वहीं पर डेरा डाल देते हैं। बताया जाता है कि केराकछार क्षेत्र में हाथियों को पर्याप्त मात्रा में चारा व पानी मिल रहा है। शो इसे सुरक्षित ठिकाना मानकर वहीं पर जमें हुए हैं। हाथियों ने अब तक क्षेत्र में कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है। फिर भी वन विभाग सतर्कता बरत रहा है। केराकछार व आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को जंगल ना जाने की सलाह दी जा रही है। साथ ही अमला हाथियों की निगरानी में जुटा हुआ है। उधर जटगा रेंज में मौजूद हाथियों के दल में से तीन हाथी अलग होकर कुकरी काडर गांव के निकट पहुंच गए थे और रात भर क्षेत्र में मंडराने के बाद वापस पहाड़ लौटे। तथा दल में शामिल हो गए। हाथियों के क्षेत्र में मंडराने से ग्रामीण दहशत में रहे। कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में दो दंतैल हाथी घूम रहे हैं। हाथियों को रोंदे पहाड़ तथा बनिया क्षेत्र में देखा गया और इसकी सूचना वन विभाग को दी गई जिस पर वन विभाग अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गए हैं।

## पाली-बांगो रोड पर ओवर स्पीडिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई, दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





कार्यवाही करती यातायात पुलिस।

रोड पर लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस द्वारा ओवर स्पीडिंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। यह अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले और सीएसपी नितिश ठाकुर के निर्देशन में चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले चालकों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है, वहीं उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तेज गति दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बन रही है, जिसे रोकने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम लगातार निगरानी कर रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा का पालन करें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित हो सके।

# दीगर जिलों से पहुंचने लगे तरबूज गर्मी के बढ़ते ही बढ़ने लगी डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



गर्मी का असर बढ़ते ही बाजार में तरबूज और खरबूज की मांग तेजी से बढ़ने लगी है। तापमान में लगातार इजाफा होने के साथ ही लोग शरीर को ठंडक देने वाले फलों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे इन फलों की बिक्री में भी खासा उछाल देखा जा रहा है। स्थानीय फल बाजारों में इन दिनों तरबूज और खरबूज की भरपूर आवक हो रही है। आसपास के ग्रामीण इलाकों से किसान बड़ी मात्रा में इन फलों को बाजार में ला रहे हैं, जिससे मंडियों में रौनक बढ़ गई है। गर्मी बढ़ने के साथ मांग और ज्यादा बढ़ने की संभावना है। फिलहाल कीमतें सामान्य बनी हुई हैं, जिससे आम लोगों को भी आसानी से ये फल उपलब्ध हो रहे हैं। वहीं, किसानों को भी अच्छी बिक्री की उम्मीद है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, तरबूज और खरबूज जैसे मौसमी फल शरीर में पानी की कमी को पूरा करने में सहायक होते हैं और लू से बचाव में भी मदद करते हैं। यही कारण है कि गर्मी के मौसम में इनकी खपत बढ़ जाती है। गर्मी के बढ़ते प्रभाव के साथ तरबूज और खरबूज की मांग और आपूर्ति दोनों में तेजी देखने को मिल रही है, जिससे बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। बाजार में में बढी आवक से ही खरीददारों की भीड़ देखने को मिल रही है।

## रामकथा यज्ञ में शामिल हुए विधायक



**हरदीबाजार।** विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनीकोना में आयोजित श्री अखण्ड ज्योति पाँच दिवसीय रामकथा यज्ञ में शामिल हुए। विधायक श्री पटेल ने सर्वप्रथम पूजा अर्चना की तथा ग्रामीणों से कहा कि इस पावन अवसर पर धर्म, भक्ति एवं संस्कारों से ओतप्रोत वातावरण ने सभी श्रद्धालुओं, ग्रामवासियों को आध्यात्मिक ऊर्जा से अभिभूत कर दिया। रामकथा के माध्यम से समाज में नैतिक मूल्यों, आदर्श जीवन शैली एवं आपसी सद्भाव का संदेश प्रसारित हो रहा है, जो निश्चित रूप से जनमानस के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर पूर्व मंडल महामंत्री दुर्गेश कश्यप, शान्ति लाल धीवर, पुरन सिंह, थान सिंह ओड़े, गुलाब सिंह मरावी, शिवनंदन कंवर, प्रकाश दास, छोटू कश्यप एवं मन्नू सांई राठौर सहित बड़ी संख्या में बच्चे महिला पुरुष उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### जिले में चलाया जा रहा विशेष अभियान

# जेल के बंद 55 बंदियों ने दी उल्लास महापरीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





जेल में परीक्षा देते बंदी।


उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान आकलन (उल्लास महापरीक्षा) में जिला जेल 30 एवं कटघोरा उपजेल के कुल 25 बंदियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

यह परीक्षा रविवार को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा के माध्यम से बंदियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं उन्हें साक्षर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। जेल प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के समन्वय से आयोजित इस परीक्षा में बंदियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सीखने के प्रति अपनी रुचि प्रदर्शित की। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के प्रयास बंदियों के पुनर्वास एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग, जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर भारद्वाज एवं जिला साक्षरता अधिकारी ज्योति शर्मा द्वारा इस पहल की सराहना की गई तथा इसे बंदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। जिला प्रशासन ने सभी सहभागी बंदियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने की बात कही है।

**कहां कितने परीक्षार्थी बैठे**

| विकासखंड | परीक्षार्थी |
|---|---|
| करतला | 3576 |
| कोरबा | 2053 |
| कटघोरा | 5101 |
| पाली | 2690 |
| पोड़ी-उपरोड़ा | 3900 |

online Booking:-www.tripuryatra.com





07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(10 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा

लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),

राशि:-स्लीपर 16,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+ 5% GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411